रिक्त सीटों के लिए स्पाट काउंसलिंग पांच से

पांच और छह अगस्त को नए छात्र को दो हजार रुपये शुल्क के साथ करना होगा पंजीकरण

यूटीयू

जागरण संवाददाता, देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) में तीन चरण की काउंसलिंग के बाद भी रिक्त रह गई सीटों के लिए पांच अगस्त से आनलाइन स्पाट काउंसलिंग होगी। इस काउंसलिंग के माध्यम से यूटीयू से संबद्ध संस्थानों, सहायता प्राप्त व निजी इंजीनियरिंग कालेजों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर आनलाइन आवेदन करने वाले छात्र-छात्राओं को ही प्रवेश मिलेगा।

विवि कैंपस और संबद्ध संस्थानों में बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमबीए इंटीग्रेटेड, बीएचएमसीटी, एम-टेक, एम-फार्मा, एमबीए, एमसीए, बीए-एलएलबी, बीबीए-एलएलबी, एलएलबी, एलएलएम, डी-फार्मा, डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। विवि के अनुसार, इन पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों का ब्योरा पांच अगस्त को विवि की वेबसाइट पर सुबह दस बजे जारी किया जाएगा। रविवार एवं अवकाश के दिनों में भी संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया जारी रहेगी। विवि के कुलसचिव प्रो. सतेंद्र सिंह ने बताया कि स्पाट काउंसलिंग में सीट आवंटन के उपरांत अभ्यर्थियों संस्थान आवंटित किया जाएगा। अभ्यर्थी को समस्त अभिलेख व शुल्क निर्धारित समय पर जमा करना होगा। यदि दी गई तिथि पर छात्र आवंटित संस्थान और सीट पर प्रवेश नहीं ले पाता है तो वह सीट रिक्त मानी जाएगी। कुलसचिव ने बताया कि यूटीयू की 13,829 सीटों के लिए तीन राउंड का काउंसलिंग हो चुकी है। इसके बाद भी कुछ सीटें रिक्त रह गई हैं, जिनके लिए स्पाट काउंसलिंग कराई जा रही है।

10 अगस्त को सीट आवंटन होगा, फिर 10 से 12 अगस्त के बीच संस्थान में लेना होगा प्रवेश

स्पाट काउंसलिंग की महत्वपूर्ण तिथियां

- पांच-छह अगस्त : आनलाइन पंजीकरण, च्वाइस फिलिंग, काउंसलिंग फीस जमा
- 10 अगस्त : सीट आवंटित की जाएंगी
- 10 से 12 अगस्त : आवंटित संस्थानों में छात्रों को उपस्थित होना होगा।

स्पाट काउंसलिंग शुल्क एवं काउंसलिंग की प्रक्रिया

स्पाट काउंसलिंग में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थी को यूटीयू की वेबसाइट पर दो हजार रुपये काउंसलिंग फीस जमा करनी होगी। यह फीस वापस नहीं होगी। जिन अभ्यर्थियों को सामान्य काउंसलिंग के तृतीय चरण में कोई सीट आवंटित नहीं हुई है, वे स्पाट काउंसलिंग के लिए निशुल्क पंजीकरण कर सकते हैं। जिन छात्रों ने पूर्व में आयोजित सामान्य काउंसलिंग में माध्यम से किसी संस्थान में प्रवेश ले लिया है, वे स्पाट काउंसलिंग में इस शर्त के साथ शामिल हो सकेंगे कि अगर उन्हें स्पाट काउंसलिंग से नई सीट आवंटित हुई तो उनकी पूर्व प्रवेशित सीट निरस्त कर दी जाएगी।

परेशानी हो तो करें ईमेल

helputuums@uktech,acin
counseling@uktech.acin
वेबसाइट : https://uktech.ac.in